झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
उप निदेशक (नियोजन) का कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

अप्रेन्टिसशिप मेला की सूचना

अपार हर्ष के साथ सूचित करना है कि दिनांकः—13.02.2023 को पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक सरकारी आई0 टी0 आई0 परिसर, ईटकी रोड, हेहल, राँची में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा।

अतः राँची जिला अन्तर्गत सम्बंधित नियोजक एवं इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि, स्थल एवं समयानुसार अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें।

विदित हो कि अप्रेन्टिसशिप एक्ट 1961 के अतंर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान/संस्थान जहाँ 30 या 30 से अधिक मानवबल कार्यरत है, में कुल मानवबल के 2.5% से 15% तक (शिक्षुओ) Apprentices को रखना अनिवार्य है। 4 से 29 मानवबल वाले प्रतिष्ठानों के लिए यह ऐच्छिक है। अप्रेन्टिसशिप एक्ट के अतंर्गत दण्ड का भी प्रावधान किया गया है।

अतः राँची जिला अंतर्गत सभी सम्बंधित नियोजकों से अपेक्षित है कि युवाशक्ति के आवश्यक कौशल उन्नयन के हित को ध्यान में रखते हुए स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मेला में आवश्यक रूप से भाग लेगें।

निवेदक, ह०/–, (राजेश कुमार)
नियोजन पदाधिकारी, प्रवर्त्तन तंत्र,
उप निदेशक (नि0) का कार्यालय, द0 छो0 प्र0, राँची
—सह—अप्रेन्टिसशिप मेला कोर्डिनेटर, राँची

PR 289456 Labour Employment and Traning(22-23)#D